


# राजधानी में गर्मी का पारा डाउन, बारिश की हल्की फुहारों से मौसम हुआ सुहावना


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। गर्मी का पारा डाउन हो गया। राजधानी में बारिश की हल्की फुहारों से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार 13 मई तक बारिश होगी। मंगलवार को रांची सहित कई जिलों में धूल भरी आंधी और हल्के तथा मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आयी है। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है। तेज आंधी के कारण राजधानी के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गयी।

**बहरागोरा में 17.6 मिमी बारिश** पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं स्थानों पर गर्जन और आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 17.6 मिमी बहरागोरा में दर्ज किया गया। वहीं बोकारो जिले में कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि भी हुई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया।

### रांची सहित कई जिलों में चली धूल भरी आंधी

राजधानी रांची सहित कई जिलों में मंगलवार को शाम होते ही 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूल भरी तेज आंधी चली। मौसम विभाग के अनुसार रांची में आज भी आंशिक बादल छाये रहने एवं गर्जन के साथ तेज हवा के साथ वर्षा की संभावना है।



### 13 मई तक झारखंड में बदला रहेगा मौसम

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार झारखंड में 13 मई तक मौसम बदला-बदला रहेगा। आठ और नौ मई को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। वहीं 10 और 11 मई को राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे तथा 12 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। वहीं 13 मई को राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इधर, आठ मई से लेकर 11 मई तक राज्य में तेज हवाओं का झोंका तथा वज्रपात होने की संभावना बनी है।

## 7वें चरण में राजमहल दुमका व गोड्डा में वोट



**रांची।** चुनाव आयोग ने सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सातवें चरण का चुनाव एक जून शनिवार को होना है। इस फेज में झारखंड के अलावा बिहार, हिमाचल प्रदेश, ओड़िशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और चंडीगढ़ में चुनाव होना है। अंतिम चरण में झारखंड की तीन सीट राजमहल (अ.ज.जा), दुमका (अ.ज.जा), और गोड्डा में वोट डाले जायेंगे।

अयोग से मिली जानकारी के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई होगी। वहीं, नामाकंन की स्क्रूटनी 15 मई को और नाम वापसी की समय-सीमा 17 मई रखी गयी है। वहीं 4 जून को वोटों की गिनती होगी। चुनाव की पूरी प्रकिया 6 जून तक समाप्त कर दी जायेगी।

### बाबूलाल ने सीएम चंपाई को पत्र लिखा, कहा

## ईडी रेड में मुख्य सचिव का पत्र मिलना गंभीर, जांच हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है। श्री मरांडी ने पत्र में कहा है कि ईडी रेड के दौरान ईडी कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गये पत्र की प्रति मिलना एक गंभीर मामला है। इस पर बिना देर किये प्राथमिकी दर्ज कराते हुये पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करें। अन्यथा यह माना जायेगा कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आप चुप रहे और यह सब कुकृत्य देखते रहे। अगर आप और मुख्य सचिव यह सब जानने और संज्ञान में आने के बाद भी उपरोक्त कार्रवाई के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं करेंगे तो देर सबेर आप भी इस गंभीर मामले में आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनने से बच नहीं पायेंगे।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की



चर्चा हो रही है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। उन्होंने लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा दिनांक 8 मई 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन 9 मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है। आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखायी।

उन्होंने सवाल उठाते हुये सीएम से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा। इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है, जांच कराना आवश्यक है।

### छह अभ्यर्थियों के नामांकन में पायी गयी त्रुटि, नामांकन अस्वीकृत

# स्क्रूटनी में 27 अभ्यर्थी पास, छह बाहर

**रांची लोकसभा सीट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए संवीक्षा (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 207 में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अभ्यर्थियों एवं उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में 08-रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा बारी-बारी से सभी 33 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गयी। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।



### कल तीन बजे तक नाम वापसी और मिलेगा चुनाव चिह्न

संवीक्षा के बाद जिन अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं वो दिनांक 09 मई 2024 अपराह्न 03:00 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन अपराह्न 04:00 बजे से अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। बता दें कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है।

### 27 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र स्वीकृत

रांची संसदीय क्षेत्र से सभी 33 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र की संवीक्षा में 27 अभ्यर्थियों के नामांकन सही पाये गये। जिन अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र स्वीकृत हुए क्रमवार उनके नाम यहां हैं।

1. मिंटू पासवान, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट)।
2. रामहरि गोप, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया।
3. अरशद अयूब, निर्दलीय।
4. पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)।
5. संजय सेठ, भाजपा
6. हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी।
7. अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी।
8. धनंजय कुमार भगत, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।
9. मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय।
10. मनोज कुमार, बसपा
11. निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी।
12. धर्मेंद्र तिवारी, भाजमो
13. बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड।
14. देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय।
15. प्रवीण कच्छप, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
16. कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय।
17. सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत।
18. सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी।
19. यशस्विनी सहाय, कांग्रेस।
20. श्यामबिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी।
21. विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी
22. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए)
23. प्रबीण चन्द्र महतो, निर्दलीय
24. ऐनुल अंसारी, निर्दलीय।
25. संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय।
26. हेमंती देवी, समता पार्टी
27. कोलेश्वर महतो, निर्दलीय

### छह अभ्यर्थियों का नामांकन अस्वीकृत

स्क्रूटनी में छह अभ्यर्थियों के नामांकन में त्रुटि पायी गयी, जिसके बाद उनका नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया। जिन अभ्यर्थियों के नाम नाम-निर्देशन पत्र अस्वीकृत हुए उनके नाम यहां हैं-

01. संदीप उरांव, निर्दलीय।
02. संजय कुमार महतो, निर्दलीय।
03. अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा।
04. प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय।
05. मंजू देवी, निर्दलीय।
06. सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी।

## खबर एक नजर में

### सुरेंद्र सिंह श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के बने महानिदेशक

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र सिंह को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड के महानिदेशक के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। सुरेंद्र सिंह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। 23 अप्रैल को ही उन्हें भारत सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### बाबूलाल मरांडी आज कार्यकर्ताओं के साथ खूंटी में करेंगे बैठक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 8 मई को खूंटी लोकसभा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी बगीचा में 12 बजे से किया गया है। इसमें सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, खूंटी से एनडीए प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र सिंह, श्यामलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

### रांची में दो लोगों ने की आत्महत्या

**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को दो लोगों ने आत्महत्या कर ली। दोनों घटना सदर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा और भाभा नगर की है। जानकारी के मुताबिक, सदर थाना क्षेत्र के चुना भट्ठा निवासी सिंकू पासवान नाम के एक युवक ने आत्महत्या की। पुलिस ने बताया कि सिंकू पासवान रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह चुना भट्ठा स्थित अपने ससुराल गया था। ससुराल में ही पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसी से नाराज सिंकू पासवान ने आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी घटना सदर क्षेत्र के भाभा नगर में हुई, जहां 56 वर्षीय विजय राम ने अपने ही घर में आत्महत्या कर ली। वह डॉक्टर का ड्राइवर था। सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित हो कर दर्जनों मुसलमानों ने भाजपा का दामन थामा



**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर दर्जनों मुसलमानों ने मंगलवार को भाजपा का दामन थामा। मोहम्मद अनवर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुआ। मोहम्मद अनवर का स्वागत विधायक सिपी सिंह ने पट्ट पहना कर किया। अरगोड़ा स्थित संजय सेठ के कार्यालय में सैकड़ों मुस्लिम सहित अन्य समुदायों के लोगों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुआ। कार्यक्रम में वरूण साहू , जोनी वाकर और मो रब्बानी भी थे। मौके पर मोहम्मद अनवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। देश में सभी समुदायों को एक समान देखते, उनकी हर योजना सभी के लिये बराबर है।

### सोशल मीडिया पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान हैशटैग अभियान ट्वीटर (एक्स) पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान से जुड़े मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा। रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए।

## कांग्रेस नेताओं ने रांची एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का किया स्वागत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड आगमन के दौरान रांची एयरपोर्ट पर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, अशोक चौधरी, केशव महतो कमलेश, रमा खलको, अंबा प्रसाद, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, संजय लाल आदि थे।

### नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का मामला

## गृह विभाग के प्रधान सचिव हाई कोर्ट तलब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने बुधवार को प्रधान सचिव गृह विभाग को कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउट पोस्ट निर्माण के लिए एक



करोड़ 62 लाख रुपया स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के खाली जगह पर बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है। उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है। वहीं यूनिवर्सिटी के सामने 6 एकड़ जमीन सरकार ने दी है उसपर चारदीवारी बनाई जाएगी या नहीं। बता दे कि बार एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की ओर से जनहित याचिका दाखिल कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करने का आग्रह किया गया है।

### झामुमो से निष्कासित बसंत लोंगा और चमरा लिंडा भी लड़ रहे चुनाव

# राजमहल सीट से लोबिन हेम्ब्रम के नामांकन दाखिल करते ही राज्य में बढ़ी सियासी गर्मी!

**झामुमो के दो कद्दावर नेता पार्टी लाइन से बाहर जाकर लड़ रहे लोकसभा चुनाव**

**सुधीर**

**रांची।** जेएमएम के कद्दावर नेता व बोरियो से विधायक लोबिन हेम्ब्रोम की राजमहल सीट से नामांकन दर्ज करने के बाद राज्य की सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।

बताते चलें कि सातवें चरण में होने वाली चुनाव को लेकर 7 से 14 मई तक नामांकन दर्ज किया जाएगा। 17 मई तक नाम वापसी का समय दिया गया है। इस चरण में राजमहल सीट पर वोटिंग होना है। मंगलवार को इस सीट से



निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में लोबिन हेम्ब्रम ने पर्चा भर दिया है। हालांकि लोबिन ने ये आश्वासन दिया है कि वे बागी नहीं हैं। बताते चलें कि झामुमो के दो कद्दावर नेता पहले ही पार्टी लाईन से बाहर जाकर खूंटी और लोहरदगा से चुनाव में जोर आजमाईश कर रहे हैं। इनमें एक वर्तमान में विसुनपुर से विधायक हैं तो दूसरा पूर्व विधायक हैं।

### विजय हांसदा के लिए खड़ी हो सकती है मुश्किल

पिछली बार इस सीट से जेएमएम के विजय हांसदा चुनाव जीते थे। हांसदा यहां से लगातार दो बार से सांसद रहें हैं। 2019 के चुनाव में विजय हांसदा को कुल 5 लाख 7 हजार वोट मिले थे। वहीं बीजेपी के हेमलाल मुर्मू 4 लाख आठ हजार वोट लाकर दूसरे स्थान पर थे। 2014 में भी विजय हांसदा ने हेमलाल मुर्मू को हराया था। उस दौरान हांसदा के खाते में 3 लाख 79 हजार वोट आए थे। वहीं 3 लाख 38 हजार वोट हेमलाल मूर्मू को मिला था। लोबिन हेम्ब्रम ने यहां अपनी पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ ही पर्चा भर दिया है। मालूम हो कि इस सीट से बीजेपी के ताला मरांडी चुनाव लड़ रहे हैं। अब तक ताला को ही राजमहल से रोकने की कोशिश जामुमो की ओर से हो रही थी। परंतु लोबिन के आने से झामुमो की राह में मुश्किलें खड़ी हो सकती है।

### राजमहल लोकसभा में 17 लाख मतदाता

इस लोकसभा सीट पर कुल मतदाता 17 लाख 2 हजार 33 हैं। वहीं साहेबगंज जिले में 8 लाख 60 हजार 854 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष वोटर 4 लाख 3 हजार 755 है। वहीं महिला मतदाता 4 लाख 27 हजार 94 है, जबकि ट्रांसजेंडर की संख्या 05 है। पाकुड़ जिले में वोटरों की कुल संख्या 8 लाख 41 हजार 179 है। पुरुष मतदाता की संख्या 4 लाख 16 हजार 158 और महिला वोटर की संख्या 4 लाख 25 हजार 19 हैं, वहीं ट्रांसजेंडर वोटर 02 है।

## गांव-गरीब के लिए समर्पित है मोदी सरकार : संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रत्याशी सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब, किसान, युवा के लिए समर्पित है। वहीं, झारखंड की झामुमोनीत सरकार अखंड भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक साल 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे क्या हुआ नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। झारखंड के गठबंधन की सरकार ने यहां के गांव गरीब किसान युवा के साथ धोखा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है। इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार और भ्रष्टाचार मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं ।इस अवसर पर हरे लाल महतो, दिनेश कुमार, मधु गोराई, सारथी महतो, मदन सिंह सरदार, कमलेश राम, फटीक चंद गोराई, ठाकुरदास महतो, विश्वनाथ उरांव, दिलीप महतो, देवाशीष राय, मनोज महतो, खुदी सिंह सरदार, अनीता पारित, मनोरंजन महतो, दिवाकर सिंह, विशाल चौधरी, अनिल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

## स्पीड न्यूज

### एलबेसटर तोड़कर चोरी करने का असफल प्रयास किया

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर के समीप पूजा भंडार में चोरों ने एलबेसटर तोड़कर चोरी करने का असफल प्रयास किया। बताया जाता है कि खलारी पहाड़ी मंदिर के समीप पूजा भंडार का एलबेसटर तोड़कर चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया। जिसमें चोरों ने दुकान का एलबेसटर तोड़ने में सफल रहे वहीं ज्यादा एलबेसटर नहीं तोड़ पाने के कारण चोरी करने में असफल रहे। सुबह जब नंदलाल प्रसाद गुप्ता के बेटे ने जब अपने दुकान खोलने पहुंचे तो पाया की दुकान का एलबेसटर टूटा हुआ था। जिसके बाद रवि कुमार गुप्ता ने खलारी थाना को सूचना दे कर मामले की जानकारी दी। सूचना के बाद मौके में पहुंची खलारी पुलिस घटना की जानकारी ली और लोगों को आश्वासन दिया की चोरो को पकड़ने का कार्य खलारी पुलिस करेगी।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खलारी।** खलारी प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया कैंपेन मै भी इलेक्शन अम्बेसडर के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं के द्वारा एवं सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं जेएसएलपीएस की दीदियों के द्वारा कार्यक्रम किया गया। साथ ही कार्यक्रम से सम्बंधित फोटो एवं वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर मै भी इलेक्शन अम्बेसडर के साथ संध्या 6 बजे से 8 बजे तक अपलोड किया गया।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भव्य श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**इटकी।** इटकी में भव्य कलश यात्रा के साथ ही सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भव्य श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा में ग्यारह सौ महिलाएं शामिल हुई। कलश यात्रा बनिया टोली स्थित रुद्र महाकाल मंदिर प्रांगण से निकलकर महावीर चौक, बाजार प्रांगण होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची जहां जलाभिषेक किया गया। वहां से पुनः श्रद्धालु महायज्ञ स्थल पर पहुंचे। पूजा अर्चना आचार्य जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में की गई। महायज्ञ में यजमान के रूप में सात जोड़े शामिल हुए। शाम में भंडारे का आयोजन किया गया। इधर देर शाम वृंदावन से आई कथावाचिका साध्वी देविका दीक्षित द्वारा भागवत कथा का प्रवचन किया गया। प्रवचन में इटकी व आसपास के गांव से सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

### आदर्श अचार संहिता उलंग्घन का मामलादर्ज

**इटकी।** कांग्रेस पार्टी के इटकी प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली के विरुद्ध आदर्श अचार संहिता उलंग्घन का मामला इटकी थाना में दर्ज किया गया। इटकी प्रखंड उड़न दस्ता टीम के पदाधिकारी सह अंचल सीआई जयकेश्वर साहू के आवेदन पर की मामला दर्ज की गई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी ओरमांझी पहुंचे, कहा

# राष्ट्र निर्माण में किसानों की भुमिका महत्वपूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी अपने राज्य भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ओरमांझी पहुंचे। उन्होने किसान डेरी फार्म व किसान कोल्ड स्टोर ओरमांझी में प्रगतिषिल किसान षिवनारायण साहू से मिलने पहुंचे। उन्होने झारखंड के कृषि से संबंधित जानकारी ली, वहीं किसान डेरी फार्म में गोमाता की सेवा की और गाय को गुड व फल खिलाया। कहा खेतीकर रहे हो या गो व मक्षली पालन से जुड़ा हो सभी किसान देष का अन्नदाता हैं। उन्होने कहा आज भारत विकसित राष्ट्र निर्माण की ओर बढ रहा है। विकसित राष्ट्र निर्माण में देश के किसानों की भी भुमिका महत्वपूर्ण होगी।



गोमाता की सेवा करते क्षेत्री संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी।

उन्होने खेत में लगे फसलों को भी देखा और झारखंड के किसानों की सुविधा व समस्या सहित कई जानकारियां ली।

बाद में उन्होने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व भजयुमो जिला अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री बुधराम बेदिया, अजय सिंह, सत्यमराज कुषवाहा, सुनील नायक, शंकर बैठा, नोना पाहन, प्रमेष्वर साहू, मुन्ना तिवारी सहित उपस्थित भाजपा कार्यकताओं सें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहे प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली, और संगठन के संबंध में चर्चा किया। साथ ही जनसंघा काल से जुड़े कार्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली और कहा पहले कार्यकताओं के पास झंडा व साईकिल तक नही होती थी, लेकिन कार्यकर्ता में समर्पण काफी था। पहले कार्यकर्ता पैदल ही गांव-गांव में जाकर जनसंपर्क स्थापित करते थें। धोती में दीया छाप बनाकर अपने पार्टी का प्रचार प्रसार करते थें। आज-कल की राजनीति हाईटेक हो गई है। सुविधाएं बढ गई है, लोगों में राजनीति जागरूकता भी पहले से ज्यादा है। अब जनता को झुठ बोलकर नही, सेवा व सुविधा देकर प्रभावित कर सकते हैं।

## मारुति मंगल धाम में होगा सामूहिक पूजा अर्चना व भंडारा का आयोजन



**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के लतरातू अंबा टोली गांव में धार्मिक एवं सामाजिक संस्था मारुति मंगल परिवार के द्वारा निमार्णा धीन मारुति मंगल धाम में आगामी 10 मई अक्षय तृतीया के शुभ अवसर मारुति मंगल परिवार के द्वारा सामूहिक पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष विक्रम महतो ने इस अवसर पर परिवार से जुड़े झारखंड के विभिन्न जिलों के महिल-पुरुष व युवा सदस्यों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर मारुति मंगल परिवार के स्थानीय सदस्य एवं ग्रामीण जन काफी उत्साहित हैं। इधर कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी को पूर्ण करने में लगे हुए है। उक्त जानकारी सचिव सुमेश कुमार महतो ने दी।

## भाजपा कार्यकताओं ने रामटहल चौधरी और रणधीर चौधरी को किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भाजपा में घर वापसी करने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं द्वारा पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का स्वागत किया गया। मंगलवार को रांची जिला व विभिनन मंडल के कई भाजपा कार्यकर्ता रामटहल चौधरी के निवास रामभवन ओरमांझी पहुंचें। कार्यकताओं ने भाजपा में लौटने पर हर्ष जताया और पूर्व रामटहल चौधरी के साथ उनका बेटा भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। रामटहल चौधरी ने स्वागत करने वाले कार्यकताओं के प्रति अभार जताया और कहा अपने राजनीतक जीवन में प्रारंभ से ही मेरा भाजपा से खास लगाव रहा है। उन्होने भाजपा कार्यकताओं को भाजपा का समर्पित सिपाही बताया और कहा लोकसभा हो या विधानसभा प्रत्याशी को जीताने भाजपा कार्यकताओं की भुमिका महत्वपूर्ण होती है। स्वागत करने वालों में किसान मोर्चा महामंत्री महानगर बलशाय



रामटहल चौधरी को स्वागत करने पहुंचे कार्यकर्ता।

महतो, महानगर कार्यसमिति सदस्य रणधीर सिंह, बरियातू मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार शाह, मंत्री सुनीता देवी, उपाध्यक्ष सत्यम सप्तदर्शी, सुनील टोप्पो, प्रकाश साहू, मनीष चौधरी, दिनेष साहू, विशेष्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष कैप्टन कमलेश तिवारी, महिला मोर्चा की बबिता देवी, लोवली पाठक, विणा ठाकुर, रामायण सोनी, जगलाल सहित कई कार्यकर्ता शामिल थें।

## तेज हवा के साथ हुई वर्षा छत के एस्वेटस उड़े बिजली पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में शाम को तेज हवा के साथ हुई वर्षा में कई मकान के छत का एस्वेटस उड़ गए। पेड़ व बिजली पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुआ है। मंगलवार लगभग 20 मीनट के लिए चली तेज हवा व वर्षा से पांचा निवासी बिरेंद्र साहू के मकान में एक जामुन का बड़ा पेड़ गिर गया। जिससे उसके मकान को नुकषान हुआ है। वहीं आनंदी निवासी किषोर साहू के खटला के एस्वेटस उड़ गए, वहीं पषुओ के भी घायल होने की सूचना है।



पेड़ गिरने से छति हुए मकान को देखते।

ओरमांझी निवासी प्रदीप साहू के भी मकान के एस्वेटस व छत में रखे सिंटेक्स छतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावे कई अन्य गांव में पेड़ गिरने व मकान छति होने की सूचना है। वहीं बिजली पोल गिरने से क्षेत्र के विद्युत आपूर्ति भी वाधित होने के संबंध में विभाग के कनीय अभियंता देवनंद राम ने बताया कई स्थान पर बिजली पोल व तार गिरे हैं। जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास की जा रही है। वहीं सीओ नितिन षिवम गुप्ता ने कहा है जिनका नुकसान हुआ है। प्राकृति अपदा सहयाता योजना के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा।

## नावाडीह गायत्री मन्दिर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के नावाडीह गायत्री मंदिर परिसर में अखण्ड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पुरोहित लोकनाथ पांडेय ने हवन पूजन कराये। आयोजित वार्षिक अखंड कीर्तन में हेसालौंग, लपरा, खलारी, बाजार टांड़, धमधमियां आदि जगहों से श्रद्धालु शामिल हुए। मंगलवार को पूजन व महाआरती के साथ श्री हरि कीर्तन का समापन्न किया गया। आयोजक द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। कीर्तन को सफल बनाने में बासुदेव ठाकुर, जीतन यादव, बिरजू गुप्ता, अमन प्रसाद साहू, प्रकाश, भोला साव, अजय, रोहित यादव, कलिंदर ठाकुर, प्रेम गुप्ता, उषा देवी, सबिता देवी, सरस्वती देवी, कमला देवी, सुनीता देवी, नवीन यादव, कन्हाई गोस्वामी, मनपूरन यादव, बुद्धसेन दुबे, अजित गुप्ता, रामेश्वर साहू सहित अन्य की सराहनीय योगदान रहा।

## डीएवी विवेकानंद स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बेड़ो।** बिनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पेंटिग, स्लोगन, कविता लेखन एवं लघु नाटक प्रतियोगिता बच्चों के बीच आयोजित की गई। कक्षा 9 से 12वी तक के बच्चों का प्रतियोगिता स्कूल में आयोजित की गई। वही कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों का ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने पेंटिग बनाकर एवं कविता एवं लघु नाटक कर स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो व विडियो बनाकर भेजा। बच्चों ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया की आगामी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा चुनाव में अपना वोट जरूर दें। अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी लोग अपना मतदान अवश्य करें। बच्चों को तो अभी वोट देने का अधिकार नहीं मिला है लेकिन उनके घरों में या आस पास जिन लोगों को वोट देने का अधिकार है उन्हे वोट देने के लिए प्रेरित करें। उन्हें वोट देने जरूर भेजें और वोट देना उनका अधिकार ही नहीं बल्कि देश के नागरिक होने के नाते उनका कर्तव्य भी है की वो वोट करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का सहयोग रहा।

# अज्ञात युवक का शव बरामद

### देर रात तक शव की नहीं हुई थी पहचान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईटा चिल्द्री पंचायत स्थित सुगा काटा तालाब के पास मंगलवार की देर शाम एक लगभग 20 से 22 वर्षीय अज्ञात युवक के शव के मिलने से पूरे क्षेत्र में युवक की हत्या की खबर तेजी से आगे की तरह फैल गई। शव के मिलने के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय मुखिया व बेड़ो पुलिस को दिया। जिसके बाद बेड़ो पुलिस सूचना के आलोक में घटनास्थल पहुंचकर शव की



पहचाने को लेकर अगल-बगल गांव में पता किया लेकिन देर रात 8:00 बजे तक अज्ञात युवक के शव की पहचान नहीं हो पाई थी। इधर आसपास के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की कहीं और हत्या कर इसे ईटा स्थित सुगा काटा तालाब के पास फेंक दिया गया हो। युवक के शरीर पर चोट के भी निशान बने हुए हैं। वही बेड़ो पुलिस भी अंदाजा लगा रही है कि युवक की हत्या की गई है। वहीं युवक के शव मिलने को लेकर बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि अज्ञात युवक का शव बेड़ो पुलिस ने बरामद किया है, जिसका अभी तक पहचानी नहीं हुई है। वहीं बेड़ो पुलिस युवक की पहचानी और इसके हत्या को लेकर तहकीकात शुरू कर दी है।

# पेड़ गिरने से एक की मौत कई अन्य घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा ।** रांची पुरुलिया सड़क पर सिलवे बस्ती के पास मंगलवार को करीब 5.30 बजे महज दस मिनट का तूफान कहर बरपा गया । सड़क के किनारे का एक पेड़ बीच सड़क पर आ गिरा जिसके जद में दो स्कूटी एक बाईक सवार एक कार और कुछ पैदल यात्री आ गए । जिससे वहां पर कोहराम मच गया । पेड़ से दब कर अनगड़ा थाना क्षेत्र के बेड़वारी गांव निवासी भाजपा नेता नरेश साहू का भतीजा तनु साहू की दर्दनाक मौत हो गयी स्कूटी सवार एक युवति भी गम्भीर रूप से घायल हो गयी उसका कमर के नीचे दोनो पैद बूरी तरह से





कुचल गया है जिसकी हालत नाजूक बतायी गयी है एक अन्य लड़की की भी घायल होने की खबर है। कार मे सवार चार लोग बाल बाल बच गए । स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की चीख पुकार सून कर स्थानीय लोगों ने टाटी सिलवे पुलिस को तत्काल सूचित किए तथा स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने पेड़ के नीचे दबे सभी घायलो को निकाला गया तथा इलाज के लिए तत्काल रिम्स भेजा गया । मालूम हो कि फोर लेन सड़क निर्माण को लेकर मोटे मोटे पेड़ों के जड़ के पास के मिट्टी खोद दिया गया है जो जान लेवा साबित हो रहे है।

## एक नजर में

### झुण्ड से बिछड़ा हाथी ने स्कूल का दरवाजा तोड़कर मध्याह्न भोजन का एक किवंटल चावल चट किया

**सिकीदिरी।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुण्डरु जारा में सोमवार की रात एक जंगली हाथी ने स्कूल दरवाजा तोड़कर मध्याह्न भोजन का चावल, दाल, आलू, चट कर गए । हाथी सोमवार कि रात के करीब 11 बजे स्कूल की चाहरदिवारी को तोड़ने के बाद किचेन का खिड़की और दरवाजा को तोड़ दिया। इसके बाद विधालय के दूसरे कमरे के दरवाजे को तोड़ कर? कमरे में रखे एक क्विंटल चावल, दस किलो दाल, आलू को खाकर बर्बाद कर दिया। इसके अतिरिक्त जंगली हाथी ने छज्जे को भी नुकसान पहुंचाया है। हाथी ने गांवनके के ही महेश बेदिया एवं सुकरा बेदिया के खेत में लगे गरमा धान को खाकर और रौंद कर बर्बाद कर दिया। झुण्ड से बिछड़ा हाथी हुण्डरु जारा के जंगल में ही डेरा डाले हुए है। जिससे ग्रामिणों में भय का माहौल है। सूचना पाकर? कुच्चू पंचायत के मुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया एवं वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो ने ? विधालय पहुंचकर जंगली हाथी से नुकसान का जायजा लिया। मुखिया ने नुकसान का मुवावजा देने की मांग की है। इधर वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो ने ग्रामीणों के पटाखे का वितरण किया। मौके पर विधालय के शिक्षक पुसुमन बेदिया, विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नित्यानंद बेदिया, पंचम भोगता,मदन बेदिया, महेश बेदिया करमू बेदिया, धरमू बेदिया आदि उपस्थित थे।

### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ) पार्टी से खलारी प्रखण्ड से पहली बार राँची लोकसभा का प्रत्यासी बनाया गया

**खलारी।** खलारी प्रखंड स्थित मैक्लुस्कीगंज से पहली बार महिला प्रत्यासी राँची लोकसभा का प्रत्यासी बनाया गया। प्रखण्ड के मैक्लुस्कीगंज लपरा निवासी रंजना गिरि ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ) पार्टी का दामन थाम कर रांची लोकसभा से चुनाव लडने का फैसला किया। इस पर प्रत्यासी रंजना गिरि ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अ) पार्टी ने मुझ ग्रामीण महिला को एक बार रांची लोकसभा से चुनाव लडने का मौका दिया है। मैं खलारी की जनता के हर दुख सुख में कई कार्य से जुड़ी हूं और एक खलारी प्रखंड और मैक्लुस्कीगंज के बेटी,बहु और एक बुद्धिजीवियों के बीच रह कर संघर्ष की जिंदगी जी रही थी। मैंने कभी सोचा भी नही था कि इस संघर्ष के रास्ते में चलते चलते यह भी एक दिन ऐसा भी आएगा कि एक दिन यह भी मौका मिलेगा कि मै खलारी प्रखंड मैक्लुस्कीगंज के सभी ग्रामीण का आशीर्वाद मिला और आज आप लोगों की बेटी लोकतंत्र की रक्षा के लिए रांची लोकसभा के 6 संसदीय क्षेत्र के ग्रामीणो और अपने प्रखंड गांव की हर समस्या और ग्रामीणों, महिलाओ के सभी दुख दर्द में उनके साथ हूं। इस लिए इस बार आपकी सरकार गांव की सरकार बनाने जा रही है इस लिए सभी संसदीय क्षेत्र के लोगों से अपील है कि अपनी बेटी गांव की बहु को चुनें और भारी से भारी मतों से वोट देकर विजय बनाने का अपील की। वहीं इस मौके पर उपस्थित रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया(अ) के प्रदेश महिला अध्यक्ष अनिता गंझू, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता प्रीतम सांड लोहरा प्रदेश संगठन सचिव प्रवीण रंजन, रांची जिला से महिला मोर्चा अध्यक्ष धर्म शीला देवी, जिला सचिव सरिता देवी,रीता तिर्की, जिला अध्यक्ष बैजनाथ करमाली प्रखंड सचिव जगदीश गंझू, मनदीप यादव हेमलाल गंझू, ब्रम्हदत्त शर्मा,अनील कुमार पाठक,अविषेक सिन्हा, सुरेन्द्र यादव,विजय प्रसाद साहू, रमेश साहू,बृजू प्रसाद गुप्ता, बंधनी देवी, फुलमनीया देवी,सहित अन्य कई रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर के लोग उपस्थित लोगों ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर रांची लोकसभा प्रत्याशी का स्वागत किया।

### टीबी को लेकर जागरूकता अभियान में 70 मरीजों का जांच

**सिकिदिरी।** सीएचसी अनगड़ा की ओर से मंगलवसर को हेसातु पंचायत के दुबलाबेड़ा गांव में टीबी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके बाद टीबी की जांच के लिए संभावित मरीजों के बलगम जांच के लिए लिया गया। इस मौके पर गांव के दो टीबी मरीज को मुखिया अनिता बरला व एक मरीज को उप मुखिया चरण बेदिया ने गोद लिया है। ताकि उन्हें पौष्टीक आहार मिल सके। जांच दल में अल्फा केरकेट्टा, पूनम लकड़ा,नीलिमा टोप्पो,अनीता टोप्पो, नेहा, मुकेश भूषण,पूर्व मुखिया राजेश पाहन,राज कुमार बेदिया, किशोर बेदिया, गिरिबला देवी, अंजली देवी रोसनी सोरेग, मुकेश कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### भाजपा शक्तिकेन्द्र पथ सभा कार्यक्रम की बैठक

**सिकिदिरी।** भाजपा सिकिदिरी मंडल की बैठक मंगलवार को शक्तिकेन्द्र पथ सभा कार्यक्रम की लेकर तैयारी बैठक नवागढ़ रंगामाटी मे किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनिल महतो ने किया। संचालन महामंत्री सोहराई बेदिया ने किया । बैठक में सभी शक्तिकेन्द्र में पथ सभा के आयोजन को लेकर तिथिस्थान व समय निर्धारित किया गया। 11 मई को कुच्चू मैदान 12 मई को नवागढ़ मैदान में सभा होगा। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सत्यदेव मुंडा,कार्यक्रम प्रभारी नीलमोह पाहन,महामंत्री एसटी मोर्चा के महामंत्री बुधराम बेदिया, नंदलाल राम,शिवधर रजवार,धनेस्वर बेदिया, दिलीप कुमार मिर्धा,पंचम भोगता सोना बड़ाइक ,गिलु बेदिया,शंकर बेदिया ,शिबु बेदिया, करम देव बेदिया,जनार्दन महतो,नागेश्वर महतो, दीपेंद्र बेदिया,रामु भोगता आदि शामिल हुए।

### सुतियाम्बे-मदनपुर में सर्वेश्वर महादेव मंदिर का पहली वार्षिक उत्सव मनाया गया

**पिठोरिया ।** सुतियाम्बे-मदनपुर में सर्वेश्वर महादेव मंदिर का पहली वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर में हनुमंत ध्वजारोहण से किया गया कार्यक्रम में 251 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली जिसमें पिथोरिया नया तालाब में आचार्य के द्वारा वरुण पूजन गंगा पूजन एवं कलश पूजन के पश्चात कलश में जल भरकर पुणे मंदिर परिसर में पहुंचे जहां पर मंडप पूजन विधि पूजन एवं महादेव की रुद्राभिषेक पूजन किया गया इस अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे भक्तों के बीच भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित अमित तिवारी अनिल पाठक एवं राम कृष्ण मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम के आयोजन में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भारतीय देवी मंजू देवी के अलावे सुरेंद्र गोप कृष्ण कुमार ओझा मनोज पंडित डॉक्टर जितेंद्र कुमार रुकमणी देवी प्रकाश ठाकुर रघु ठाकुर दिनेश गोप मास्टर सुमंती देवी सुरेश गोपी सीता देवी मनीष देवी आरती देवी लालदेव गो हा लालदेव गोप नानू को समेत कई लोगों की अहम भूमिका रही।

### रिचेकिंग की मांग को लेकर राज्यभर से आए छात्र छात्राओं ने जैक मुख्यालय घेरा

**नामकुम।** इंटरमीडिएट की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं नें रिजल्ट में सुधार करने की मांग को लेकर मंगलवार को जैक मुख्यालय का घेराव किया। उग्र छात्र छात्राएं जैक के मुख्यद्वार को बंद कर बैठ गए और जैक प्रशासन से रिजल्ट में अविलंब सुधार करने की मांग कर नारेबाजी करने लगे। आंदोलित छात्रों का कहना था कि परीक्षा में हुई गडबडी के कारण पूरे प्रदेश में बडी संख्या में छात्र रसायन और भौतिकी में फेल हो गए है।वे जैक से रिचेकिंग करवा कर सबको पास करने की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे नामकुम थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की बात जैक अध्यक्ष से करायी जिसके बाद उग्र छात्र छात्राएं शांत हुए। छात्रों का नेतृत्व कर रहे एबीवीपी नेता रोहित शेखर ने बताया कि जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने बताया कि रिचेकिंग जैक बोर्ड बंद कर चुका है। छात्र स्क्रूटनी का आवेदन देकर अपने उत्तर पुस्तिका की जांच करवा सकते है, इसपर छात्रों ने बिना रिजल्ट सुधार के सीयूईटी की परीक्षा में शामिल होने और स्क्रूटनी का शुल्क नहीं लेने की मांग की जिसपर जैक अध्यक्ष ने उन्हे बताया कि सभी बच्चे सीयूईटी की परीक्षा में शामिल होंगे और स्क्रूटनी कराने के लिए सभी तुरंत आवेदन जमा करे जैक 15 मई को आने वाले सीयूईटी के रिजल्ट से पहले उत्तरपुस्तिका में सुधार कर पुनः प्रकाशित करेगा। वहीं दुसरी ओर स्क्रूटनी शुल्क को कम करने की मांग पर जैक अध्यक्ष ने छात्रहित में इसे बोर्ड की बैठक में रखकर कम करने का आश्वासन दिया।

